परिशिष्ट

तारांकित प्रश्न क्रमांक 1234

माननीय विधायक श्री श्यामलाल द्विवेदी
सदन में उत्तर देने का दिनांक 23.12.2021

त्योंथर क्षेत्र अन्तर्गत चौरा, मांगी, सूती, एवं नेगुरा में नवीन 33/11 के.व्ही.सब-स्टेशनों के निर्माण हेतु तकनीकी परीक्षण संबंधित जानकारी -

क्र.	ग्राम	निष्कर्ष
1	चौरा	ग्राम चौरा को 33/11 के.व्ही. विद्युत उपकेन्द्र रायपुर सुनौरी से निर्गमित 11 के.व्ही. सुनौरी कृषि फीडर एवं 11 के.व्ही. सुनौरी घरेलू फीडर से विद्युत प्रदाय किया जा रहा है। 11 के.व्ही. सुनौरी कृषि फीडर पर विद्युभार 34 एम्पीयर एवं वोल्टेज रेग्यूलेशन तकनीकी मापदण्डो के अनुरूप है, तथा 11 के.व्ही. सुनौरी घरेलू फीडर पर अधिकतम विद्युत भार 282 एम्पीयर एवं वोल्टेज रेगुलेशन तकनीकी मापदण्डो के अनुरूप नहीं हैं। उक्त समस्या के निराकरण हेतु ग्राम चौरा में नवीन 33/11 के.व्ही. उपकेन्द्र की स्थापना का कार्य आर.डी.एस.एस योजना में प्रस्तावित किया गया है।
2	मांगी	ग्राम मांगी को 33/11 के.व्ही. पडरी विद्युत उपकेन्द्र से निर्गमित 11 के.व्ही. पडरी घरेलू एवं पडरी कृषि फीडर से विद्युत प्रदाय किया जाता हैं। 11 के.व्ही. पडरी कृषि फीडर पर अधिकतम विद्युत भार 10 एम्पीयर एवं वोल्टेज रेगुलेशन तकनीकी मापदण्डो के अनुरूप है एवं 11 के.व्ही. पडरी घरेलू फीडर पर अधिकतम विद्युत भार 80 एम्पीयर एवं वोल्टेज रेगुलेशन तकनीकी मापदण्डो के अनुरूप नहीं है। उक्त समस्या के निराकरण हेतु नवीन 11 के.व्ही. लाईन 8 कि.मी का निर्माण करने से 11 के.व्ही. पडरी घरेलू फीडर का कुछ विद्युत भार 11 के.व्ही. पडरी कृषि फीडर पर शिफ्ट हो जावेगा जिससे उक्त दोनों फीडरों पर गुणवत्ता पूर्ण सप्लाई की जा सकेगी। उक्त कार्य अगामी वर्ष की कार्य योजना में वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता अनुसार सम्मिलित किये जाने प्रयास हैं। अतः ग्राम मॉगी में नवीन 33/11 केव्ही विद्युत उपकेन्द्र की स्थापना की आवश्यकता नहीं है।
3	सूती	ग्राम सूती को 33/11 के.व्ही. विद्युत उपकेन्द्र गढी से निर्गमित 11 के.व्ही. गढी मिक्स फीडर से विद्युत प्रदाय किया जा रहा है। जिस पर अधिकतम विद्युत भार 132 एम्पीयर एवं वोल्टेज रेगुलेशन तकनीकी मापदण्डो के अनुरूप नहीं है।उक्त समस्या के निराकरण हेतु ग्राम सूती में 33/11 के.व्ही. विद्युत उपकेन्द्र की स्थापना का कार्य आर.डी.एस.एस योजना में प्रस्तावित किया गया है।
4	नेगुरा	ग्राम नेगुरा को 33/11 के.व्ही. विद्युत उपकेन्द्र चन्द्रपुर से निर्गमित 11 के.व्ही. मेहुली मिक्स फीडर से विद्युत प्रदाय किया जाता हैं। जिस पर अधिकतम भार 93 एम्पीयर एवं वोल्टेज रेगुलेशन तकनीकी मापदण्डो के अनुरूप है अतः ग्राम नेगुरा में नवीन 33/11 के.व्ही विद्युत उपकेन्द्र निर्माण के कार्य की आवश्यकता नहीं है।

अनुभाग अधिकारी
ऊर्जा विभाग, म.प्र. शासन
भोपाल